महिला अभियान्त्रिकी महाविद्यालय,अजमेर
(बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय, बीकानेर का संघटक महाविद्यालय)
WOMEN ENGINEERING COLLEGE, AJMER
(A CONSTITUENT COLLEGE OF BIKANER TECHNICAL UNIVERSITY, BIKANER)
Nasirabad Road, Makhupura, Ajmer – 305002
website: www.gweca.ac.in | Ph. No.: 0145-2695535
email: establishment@gweca.ac.in | Fax No.:0145-2695102

क्रमांकः म.अ.म.अ / संस्थापम / 2026–27 / 808 दिनांकः 19/06/2026

कार्यालय आदेश

बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय, बीकानेर से प्राप्त कार्यालय आदेश क्रमांकः– F(2)/Reg/BTU/Committees/2025-00426-8484995 दिनांक 15.05.2026 की अनुपालना में महाविद्यालय के समस्त शैक्षणिक संकाय सदस्यों को सूचित कर लेख है कि महाविद्यालय में पूर्व में संपन्न कैरियर एडवांसमेंट स्कीम (CAS) के अंतर्गत पात्रता तिथि, एजीपी / शैक्षणिक स्तर उन्नयन अथवा अन्य संबंधित तिथियों के निर्धारण के संबंध में यदि किसी संकाय सदस्य को अभ्यावेदन प्रस्तुत करना हो, तो कैरियर एडवांसमेंट स्कीम (CAS) में पात्रता / तिथि निर्धारण से संबंधित अभ्यावेदन व अपने दावे के समर्थन में पूर्ण तथ्यात्मक विवरण, नियमगत आधार एवं दस्तावेजी साक्ष्यों सहित प्रस्तुत करें।

अतः सभी संकाय सदस्यों को निर्देशित किया जाता हैं कि अपना अभ्यावेदन एवं संबंधित दस्तावेज दिनांक 05 जुलाई 2026 तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में (दो प्रतियों में) निम्नलिखित बिंदुओं का स्पष्ट उल्लेख करते हुए प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें :–

1. दावाकृत तिथि का विवरण।
2. तिथि में संशोधन अथवा परिवर्तन का दावा करने के तथ्यात्मक आधार।
3. संबंधित नियम, अधिसूचना, परिपत्र, शासनादेश, यूजीसी / एआईसीटीई दिशा–निर्देश अथवा अन्य वैधानिक प्रावधान जिनके आधार पर दावा किया जा रहा हैं।
4. दावे के समर्थन में उपलब्ध समस्त दस्तावेजी साक्ष्य एवं अभिलेखों की स्वप्रमाणित प्रतियां।
5. एक स्व–प्रमाणित घोषणा–पत्र जिसमें यह उल्लेख हो कि प्रस्तुत तथ्य एवं दस्तावेज उनकी जानकारी में सत्य एवं सही हैं (प्रपत्र सलंग्न)।
6. कोई अन्य दस्तावेज या साक्ष्य जिसे शिक्षक / शिक्षिका अपने प्रकरण के लिए प्रासंगिक मानते हों।

निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त अभ्यावेदन अथवा पर्याप्त तथ्यात्मक एवं दस्तावेजी साक्ष्य के अभाव में प्रस्तुत दावों पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

कृपया आवेदन / दस्तावेजों की सारणी सलंग्न करना सुनिश्चित करें।

P Trivedi
19/6/2026
(प्राचार्या)

प्रतिलिपिः–

1. आशुलिपिक – प्राचार्या महोदया को सूचनार्थ
2. कुलसचिव, बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय, बीकानेर
3. I/c कुलसचिव
4. प्रभारी अधिकारी, संस्थापन शाखा
5. समस्त शैक्षणिक सदस्यों को पालनार्थ
6. समस्त विभागाध्यक्षो को पालनार्थ
7. प्रभारी अधिकारी, वेब साइट
8. रक्षित पत्रावली

18/06/2026
(I/c कुलसचिव)